RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...


वर्ष: 1 | अंक 162 | नागौर, 13 मई, 2022 (शुक्रवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## गर्मी का रेड अलर्ट

# प्रदेश में पारा 48°

## बाड़मेर, जैसलमेर, अजमेर, जोधपुर में गर्मी ने 5 साल का रिकॉर्ड तोड़ा





जयपुर.

राजस्थान में गर्मी ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। बाड़मेर, जैसलमेर समेत पश्चिमी राजस्थान के कई शहर भट्‌टी की तरह तपने लगे है। बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर और अजमेर में आज गर्मी ने पिछले 5 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बाड़मेर में इस सीजन में पहली बार पारा 48 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज हुआ। उदयपुर में भी 3 साल बाद मई में सबसे तेज गर्मी पड़ी है। वहीं दूसरी तरफ मौसम विभाग ने आज जो चेतावनी जारी की है वह और भी ज्यादा डरावनी है। मौसम विभाग ने पश्चिमी राजस्थान के इलाकों में तेज गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है।

मौसम की बात करें तो आज कई शहरों में सुबह 8 बजे से ही लू चलने लगी और सुबह 11 बजे तक सड़कें वीरान हो गई। तेज स्पीड से चली गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में कैद कर दिया। पिलानी, बाड़मेर, जैसलमेर, फलौदी, बीकानेर, नागौर, धौलपुर और हनुमानगढ़ में आज जबरदस्त लू की चपेट में रहे। इन शहरों में कई जगह तापमान सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर चला गया है। मौसम विशेषज्ञों अगले 2 दिन इन एरिया में इससे भी ज्यादा भीषण गर्मी और तेज हीटवेव चलने की आशंका जताई है।

**6 शहरों को छोड़कर सभी शहरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर**–मौसम विभाग से जारी रिपोर्ट को देखे तो आज राज्य के 6 शहर ऐसे रहे जहां का तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जबकि शेष सभी शहरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ही रिकॉर्ड हुआ। अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, कोटा, बूंदी, बाड़मेर, जोधपुर, धौलपुर, जालोर, सिरोही और करौली में दिन के साथ–साथ रात में भी जबरदस्त गर्मी रही और यहां न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा।

**इन शहरों में तापमान सामान्य से ऊपर पहुंचा**–मौसम केन्द्र जयपुर से मिली रिपोर्ट के मुताबिक गंगानगर, बीकानेर, बाड़मेर में आज पारा सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर रहा। वहीं कोटा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, अजमेर में 4, जयपुर, भीलवाड़ा, सीकर, उदयपुर में पारा सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ऊपर रिकॉर्ड हुआ। पिलानी में आज तापमान सामान्य से 6.7 डिग्री सेल्सियस ऊपर रिकॉर्ड हुआ।

### प्रदेश के प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| अजमेर | 45 | 33.4 |
| भीलवाड़ा | 44.6 | 30.7 |
| जयपुर | 44.4 | 31.4 |
| पिलानी | 47.2 | 27.7 |
| सीकर | 43.6 | 27 |
| कोटा | 46.7 | 31.1 |
| चित्तौड़गढ़ | 45.6 | 25.9 |
| उदयपुर | 44 | 28.2 |
| बाड़मेर | 48.1 | 32 |
| जैलसमेर | 47.2 | 29.3 |
| बीकानेर | 47.2 | 27.6 |
| चूरू | 46.9 | 28.1 |
| श्रीगंगानगर | 47.3 | 28.1 |
| धौलपुर | 44.8 | 30.3 |
| नागौर | 47 | 27.4 |
| बारां | 46.3 | 24.6 |
| बूंदी | 46.7 | 33.3 |
| डूंगरपुर | 46 | 29.5 |
| हनुमानगढ़ | 46.7 | 25.5 |
| जालोर | 47.7 | 31.7 |
| सिरोही | 45.9 | 33.3 |
| करौली | 45.8 | 32 |

## पीएम मोदी के छलके आंसू : पिता ने बताया बेटी का डॉक्टर बनने का सपना

# अगर मदद की जरूरत हो तो मुझे बताएं : मोदी

गुजरात ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुजरात के भरूच में उत्कर्ष समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से बात की। इस दौरान एक दृष्टिहीन लाभार्थी से बात करते हुए पीएम भावुक हो गए। दरअसल, पीएम ने सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों में से एक अयूब पटेल नाम के व्यक्ति से बात की। अयूब ने बताया कि वह सउदी अरब में थे, वहां उन्होंने आई ड्रॉप डाला, जिसका साइड इफेक्ट हुआ और उनकी आंखों की रोशनी धीरे–धीरे कर जाती रही। इस दौरान उन्होंने अपनी बेटी के डॉक्टर बनने के सपने के बारे में पीएम को बताया।

**बेटी बोली– पापा की हालत देखकर लिया डॉक्टर बनने का फैसला :** मोदी ने बेटी से पूछा कि वह डॉक्टर क्यों बनना चाहती है। उसने बताया कि पापा की हालत देखकर यह फैसला लिया और वह रोने लगी। इसे देखकर पीएम भी भावुक हो गए। इसके बाद पीएम मोदी ने मदद की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अपनी बेटियों के सपने को पूरा करने के लिए अगर आपको किसी मदद की जरूरत हो तो मुझे बताएं।





### पीएम ने दी गुजरात सरकार को बधाई

इस समारोह का आयोजन भरूच जिले में राज्य सरकार की चार प्रमुख सरकारी योजनाओं के 100% पूरा होने के मौके पर किया गया। पीएम ने कहा कि आज का ये उत्कर्ष समारोह इस बात का प्रमाण है कि जब सरकार ईमानदारी से, एक संकल्प लेकर लाभार्थी तक पहुंचती है, तो कितने सार्थक परिणाम मिलते हैं। मैं भरूच जिला प्रशासन और गुजरात सरकार को सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी 4 योजनाओं के शत–प्रतिशत सैचुरेशन के लिए बधाई देता हूं।

**समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे**–पीएम ने कहा कि 2014 में जब आपने हमें सेवा का मौका दिया था तो देश की करीब–करीब आधी आबादी शौचालय की सुविधा से, टीकाकरण की सुविधा से, बिजली कनेक्शन की सुविधा से, बैंक अकाउंट की सुविधा से वंचित थी। इन सालों में सभी के प्रयासों से अनेक योजनाओं को 100% सैचुरेशन के करीब ला पाए हैं। इस समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी पहुंचे।

## कानून काम कर रहा है....जो भी सच्चाई है, वो सामने आ जाएगी : महेश जोशी



जयपुर.

रेप और ब्लैकमेलिंग केस में घिरे रोहित जोशी के मामले में पीड़िता की ओर से लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं। इस मामले पर मंत्री डॉ महेश जोशी का कहना है कि कानून अपना काम कर रहा है। पुलिस की जांच में सच्चाई सभी के सामने आ जाएगी। अभी इससे ज्यादा मेरा कुछ भी कहना उचित नहीं है। जोशी ने कहा– ''मैं कुल मिलाकर यह कहना चाहता हूं कि कानून अपना काम कर रहा है। पुलिस जांच कर रही है। जो भी सच्चाई है वो सामने आ जाएगी। महेश जोशी ने कहा मैं इससे ज्यादा कहना ठीक नहीं समझता। मुझे जो कहना था वो कह दिया है। उन्होंने कहा मैंने अब तक जो भी कहा है, वो सही कहा है। लेकिन इससे ज्यादा मेरा कहना उचित नहीं है। बार–बार मैं कह रहा हूँ कानून अपना काम कर रहा है।''

### रोहित ऐसे नेचर का लड़का नहीं है

इससे पहले मंत्री महेश जोशी ने कहा था कि मैं चाहता हूं कि आरोपों की गहराई और निष्पक्षता के साथ जांच होनी चाहिए। रोहित ऐसा काम कर ही नहीं सकता, वो ऐसे नेचर का लड़का नहीं है। उसके संस्कार भी ऐसे नहीं हैं। पुलिस जांच में पूरी बात साफ हो जाएगी और जनता के सामने पूरी सच्चाई आ जाएगी। उन्होंने यह भी कहा था कि मुझे नहीं पता किसी ने जयपुर में एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश की। साथ ही मैंने किसी को एफआईआर दर्ज करवाने से नहीं रोका है। पुलिस भी किसी को एफआईआर दर्ज करने से मना नहीं करती है। जयपुर शहर बीजेपी लगातार मामले पर मंत्री डॉ महेश जोशी और उनके बेटे रोहित जोशी के खिलाफ आंदोलन कर रही है। पार्टी के शहर अध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा– अपने बेटे पर लगे रेप और ब्लैकमेलिंग केस में मंत्री डॉ महेश जोशी ने जो बयान दिया है, वह सच नहीं है। अगर उनके बेटे में संस्कार होते, तो उस पर ऐसे आरोप ही क्यों लगते।

## ताजमहल केस की याचिका खारिज



लखनऊ/आगरा।

ताजमहल के तहखाने में बने 20 कमरों को खोलने की याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने खारिज कर दिया। सबसे पहले गुरुवार को 12 बजे सुनवाई शुरू हुई थी। ताजमहल विवाद को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता को जमकर फटकार लगाई है। जस्टिस डीके उपाध्याय ने कहा कि याचिकाकर्ता पीआईएल व्यवस्था का दुरुपयोग न करें। पहले यूनिवर्सिटी जाएं, पीएचडी करें, तब कोर्ट आएं। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई रिसर्च करने से रोके, तब हमारे पास आना। उन्होंने कहा कि कल को आप आएंगे और कहेंगे कि आपको जजों के चैंबर में जाना है, तो क्या हम आपको चैंबर दिखाएंगे? इतिहास आपके मुताबिक नहीं पढ़ाया जाएगा।

बता दें कि भाजपा के अयोध्या मीडिया प्रभारी डॉ. रजनीश सिंह ने 7 मई को कोर्ट में याचिका दायर कर ताजमहल के 22 कमरों में से 20 कमरों को खोलने की मांग की थी। उन्होंने इन कमरों में हिंदू–देवी–देवताओं की मूर्ति होने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि इन बंद कमरों को खोलकर इसका रहस्य दुनिया के सामने लाना चाहिए।

## भारत में 2,827 नए कोरोना केस आये, 24 लोगों की मौत

नई दिल्ली।

भारत में एक दिन में कोविड–19 के 2,827 नए मामले सामने आने से देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,31,13,413 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 19,067 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार सुबह आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से 24 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,24,181 हो गई है। वहीं, देश में कोविड–19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 19,067 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है। बीते 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 427 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.74 प्रतिशत है। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

### रूस-यूक्रेन जंग

## लुहांस्क में 24 घंटे में हुए 26 रूसी हमले; यूक्रेन का दावा- रूस ने अब तक 800 मिसाइलें दागी



कीव/मॉस्को.

रूस–यूक्रेन जंग को दो महीने से ज्यादा वक्त हो गया है। अब भी यूक्रेनी शहरों पर रूसी हमले जारी हैं। ताजा अपडेट के मुताबिक, रूस ने लुहांस्क के सेवेरोदोनेट्स्क में पिछले 24 घंटे में 9 बार हवाई हमले किए हैं। जिसमें 7 इमारतों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, लुहांस्क में 26 हमले हुए हैं। इधर, क्रीवी री के निप्रोपेट्रोवस्क में हुई बमबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल हो गया। रूसी सैनिकों ने चेर्नीहीव पर भी हमले किए जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 12 लोग घायल हो गए।

### स्वीडन-फिनलैंड की मदद को आगे आया ब्रिटेन

ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन ने रूसी हमले की स्थिति में स्वीडन और फिनलैंड को मदद देने का प्रस्ताव रखा है। जॉनसन का कहना है कि ब्रिटेन, स्वीडन को नाटो की सदस्यता देने के पक्ष में है। इस मुद्दे पर वोटिंग में वह समर्थन देगा। फिनलैंड ने नाटो की सदस्यता लेने का अब पूरी तरह मन बना लिया है। सोमवार (16 मई) को फिनलैंड नाटो की सदस्यता के लिए अप्लाय करेगा।

एक यूक्रेनी कमांडर ने ट्वीट कर मारियुपोल में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए टेस्ला के सीईओ एलन मस्क से मदद मांगी है।

## श्रीलंका के नए पीएम बने रानिल विक्रमसिंघे



कोलंबो।

श्रीलंका के पूर्व प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को एक बार फिर गुरुवार को अगले पीएम के रूप नियुक्त किया गया है। इसके पहले विक्रमसिंघे ने चार बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है। अक्टूबर 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने उन्हें प्रधानमंत्री पद से हटा दिया था। हालांकि, दो महीने बाद सिरिसेना ने उन्हें फिर से प्रधानमंत्री के रूप में पुन: स्थापित किया था। सूत्रों ने कहा कि उनके पास अंतरिम प्रशासन का नेतृत्व करने के लिए क्रास पार्टी है जो छह महीने तक चलती है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी), मुख्य विपक्षी दल समागी जाना बालवेगया (एसजेबी) के एक वर्ग और कई अन्य दलों ने संसद में विक्रमसिंघे के लिए बहुमत दिखाने के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। यूएनपी अध्यक्ष वजीरा अभयवर्धने ने कहा है कि विक्रमसिंघे नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद संसद में बहुमत हासिल करने में सक्षम होंगे और वह महिंदा राजपक्षे की जगह लेंगे, जिन्होंने सोमवार को इस्तीफा दे दिया था।

RGHS केशलेस केम्प

रविवार दिनांक – 15 मई 2022 को

समय : प्रात: 11.30 से दोपहर 3.00 बजे तक

स्थान मारवाड़ जनाना हॉस्पिटल

बिशू फर्टिलिटि एण्ड मल्टीस्पेशलिटि सेन्टर, बुड़सू रोड़, कुचामन सिटी (नागौर) जयपुर

जिसमें निम्न डॉक्टर्स की सेवांए उपलब्ध रहेगी

डॉ. ओ. पी. बिशु
(स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ)

डॉ. रमेश
शिशु रोग विशेषज्ञ

डॉ. मनोज गोदारा
(हृदय रोग विशेषज्ञ)

डॉ. एस. के. बंसल
(मूत्र रोग विशेषज्ञ)

एवं 15 मई से प्रत्येक माह के तिसरे रविवार को
डॉ. मनोज गोदारा (हृदय रोग विशेषज्ञ) अपनी सेवाएं देगें

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:- 8107690947, 8279215306

## सम्पादकीय

# बढ़ता खतरा

मोहाली में पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर हुआ हमला बड़े खतरे की ओर इशारा कर रहा है। यह हमला बता रहा है कि राज्य में एक बार फिर से आतंकी तत्त्व सक्रिय हो गए हैं। मोहाली की घटना ज्यादा चिंताजनक इसलिए भी है कि हमलावरों ने पुलिस महकमे की महत्त्वपूर्ण इकाई को निशाना बना कर एक तरह से पुलिस, सुरक्षाबलों, प्रशासन और राज्य सरकार सबको चुनौती दी है। हाल के दिनों में सिख फार जस्टिस और बब्बर खासला जैसे आतंकी संगठनों की पंजाब और पड़ोसी राज्यों में गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। यह न सिर्फ पंजाब में, बल्कि हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य में भी खालिस्तानी झंडे लगा कर ये संगठन अपनी मौजूदगी दर्ज करवाने की कोशिशें करते दिखे हैं। फिर, पिछले कुछ समय में पंजाब में कई जगहों पर विस्फोटकों और हथियारों का मिलना बता रहा है कि आतंकी संगठन एक बार फिर अपने मंसूबों को अंजाम देने में जुट गए हैं। कुछ दिन पहले चंडीगढ़ जेल के पास भी विस्फोटक बरामद किया गया था। यानी कश्मीर के बाद अब पंजाब को फिर से आतंक की आग में झोंकने की साजिशें जोरों पर हैं।

दरअसल, मोहाली में पुलिस के खुफिया मुख्यालय की जिस इमारत को निशाना बनाया गया, उसमें खुफिया विभाग के प्रमुख से लेकर तमाम बड़े अधिकारी बैठते हैं। यहां बेहद संवेदनशील जानकारियां और सूचनाएं भी रखी जाती हैं। अगर ग्रेनेड फट जाता तो निश्चित तौर पर भारी तबाही मच सकती थी। लेकिन सवाल यह है कि हमलावर इस जगह तक पहुंचने में कामयाब कैसे हो गए? माना तो यही जाता है कि पुलिस के खुफिया मुख्यालय के आसपास तो कड़ी सुरक्षा रहती ही होगी।

जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगे होते हैं। ऐसा भी नहीं कि हमलावर पहली बार आए और गोला दाग गए। जांच में पता चला है कि हमालावर तीन-चार बार इस इलाके की रेकी कर चुके थे। पर आश्चर्य की बात यह है कि किसी को भनक तक नहीं लगी। हैरानी इसलिए भी होती है कि जब पंजाब में आतंकी घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है, तब ऐसे में खुफिया विभाग को अपनी ही इमारत पर हमले के संकेत नहीं मिल पाए। चौंकाने वाली खबरें तो यह भी आ रही हैं कि इस इमारत में सुरक्षा के वैसे कड़े बंदोबस्त नहीं थे, जो एक संवेदनशील और महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठान के लिए होने चाहिए। इमारत के बाहर कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नहीं होने की बात सामने आई है। अगर ऐसा है तो यह वाकई कम बड़ी सुरक्षा खामी नहीं है।

अब तक जो जानकारी मिली है, उससे साफ है कि ऐसे हमलों को पाकिस्तान में बैठे आतंकी सरगना ही अंजाम दे रहे हैं। इनमें हरजिंदर सिंह उर्फ रिंदा का नाम भी आया है। इस आतंकी ने कुछ समय पहले फिरोजपुर जिले के खेतों में ड्रोन से विस्फोटक गिरवाए थे। इस घटना में शामिल जिन-जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है, उनमें से ज्यादातर के तार किसी न किसी रूप में पाकिस्तान से जुड़े लग रहे हैं और ये खालिस्तानी गुटों के लिए काम कर रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि पाकिस्तान एक बार फिर पंजाब में वैसे ही हालात बनाने की साजिश रच रहा है जैसा उसने अस्सी के दशक में किया था। इसके लिए वह खालिस्तानी संगठनों का इस्तेमाल कर रहा है। यह देश की सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है। मौजूदा हालात बता रहे हैं कि पाकिस्तान की सीमा से सटे राज्यों को नए सिरे से सुरक्षा रणनीति पर विचार करने की जरूरत है। वरना हालात बेकाबू होते देर नहीं लगेगी।

# मुद्रास्फीति की चपेट में सारा विश्व

**पूरी दुनिया मुद्रास्फीति की चपेट में है। यदि पिछले दो-ढाई दशक को देखें, तो हम पाते हैं कि धनी देशों, खासकर अमेरिका, में मुद्रास्फीति की स्थिति नहीं रही थी और दाम नियंत्रण में थे। इसकी सबसे बड़ी वजह यह थी कि चीन, पूर्वी एशिया, दक्षिण एशिया और पूर्वी यूरोप के वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आने से उत्पाद बड़ी मात्रा में और सस्ती दरों पर उपलब्ध हो रहे थे। दूसरा कारण यह रहा कि दुनिया के कई हिस्सों में आबादी का स्वरूप बदला और युवाओं की संख्या बढ़ने से कार्य बल की आपूर्ति में बढ़ोतरी हुई। श्रम आपूर्ति अधिक होने से, अगर उसकी मांग स्थिर रहती है या कुछ बढ़ती भी है, उत्पादक पर वेतन व भत्तों को लेकर अधिक दबाव नहीं रहता है। अगर मांग अधिक होती और श्रमिक कम होते, तो वेतन बढ़ाना पड़ता, लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि श्रम अधिशेष की स्थिति पैदा हो गयी। अब यह स्थिति बदलने लगी है और आबादी में अधिक आयु के लोगों की संख्या बढ़ने लगी है। इसके साथ ही उत्पादन प्रक्रिया में तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर बढ़ा है। इन कारकों की वजह से कीमतें नीचे रही थीं, लेकिन कोरोना महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका दे दिया।**




महामारी की रोकथाम की कोशिशों के कारण आपूर्ति श्रृंखला में व्यापक अवरोध उत्पन्न हुआ। यह केवल उत्पादित वस्तुओं के साथ ही नहीं हुआ, बल्कि खाने-पीने की चीजों की आपूर्ति भी बाधित हुई। एक तो महामारी और अब यह मुद्रास्फीति, तो ऐसी स्थिति में देशों को भी कड़े फैसले लेने पड़ रहे हैं, जिनसे दूसरे देशों की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। उदाहरण के लिए, इंडोनेशिया ने पाम ऑयल के निर्यात पर रोक लगा दी है। पिछले साल भारत ने वहां से अस्सी लाख टन पाम ऑयल का आयात किया था। अब इसकी आपूर्ति कहीं और से करनी होगी और उसके लिए अधिक दाम चुकाना होगा। पाम ऑयल का उपभोग केवल परिवारों में नहीं होता है। बाजार में बिकनेवाले बहुत सारे खाद्य पदार्थ इससे बनाये जाते हैं। उनके दाम भी बढ़ रहे हैं। बहरहाल, पिछले साल भारत समेत दुनिया के अधिकतर देशों में स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होने लगा था और अनुमान लगाया जा रहा था कि दो-तीन सालों में सब कुछ सामान्य हो जायेगा। लेकिन तभी रूस-यूक्रेन युद्ध के रूप में बड़ा संकट हमारे सामने उपस्थित हो गया है। इस मसले में तेल और प्राकृतिक गैस को लेकर अधिक चर्चा हो रही है। वह एक स्तर पर ठीक भी है क्योंकि यूरोप की मुद्रास्फीति में इसका बड़ा योगदान है क्योंकि रूस उसका सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। यह सर्वविदित तथ्य है कि जब तेल और गैस के दाम बढ़ते हैं या उनकी आपूर्ति में बाधा आती है, जो अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र पर असर होता है। पाबंदियों के कारण कई देशों को दूसरे देशों से तेल और गैस लेना होगा। इससे दाम बढ़ना स्वाभाविक है। बिजली और यातायात का खर्च बढ़ना इसके साथ सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। साथ ही, कई तरह के खनिज का मामला भी है।

रूस और यूक्रेन गेहूं, सूरजमुखी के तेल आदि विभिन्न खाद्य पदार्थों के भी बड़े उत्पादक हैं। इस युद्ध के कारण यूरोप और पश्चिम एशिया समेत दुनिया के कई हिस्से खाद्य संकट के कगार पर हैं। इस कारण भारत समेत विश्व भर में खाने-पीने की चीजें महंगी हो गयी हैं। इस युद्ध और रूस पर व रूस द्वारा लगाये गये प्रतिबंधों के कारण आपूर्ति श्रृंखला भी प्रभावित हुई है, जो पहले से ही दबाव में है। चीन की जीरो कोविड पॉलिसी भी मुद्रास्फीति को बढ़ा रही है। हालिया लॉकडाउन की वजह से चीन से और चीन में सामानों की ढुलाई पर असर पड़ा है। इस संबंध में एक उदाहरण सेमीकंडक्टर का है, जिसका इस्तेमाल डिजिटल सामानों के साथ-साथ वाहनों में भी होता है। सेमीकंडक्टर की आपूर्ति बाधित होने से हमारे देश में चारपहिया गाड़ियों की प्रतीक्षा अवधि बहुत बढ़ गयी है। चिप की तंगी डेढ़-दो साल से बनी हुई है। यह भी विडंबना ही है कि भारत और अमेरिका समेत अनेक देशों के केंद्रीय बैंकों ने मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है, लेकिन इससे भी महंगाई बढ़ने की आशंका पैदा हो गयी है क्योंकि अब कर्ज महंगे हो जायेंगे। महामारी के दौर में यही समझ थी कि अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए सस्ती दरों पर पूंजी मुहैया कराया जाए ताकि औद्योगिक और कारोबारी गतिविधियां बढ़ें, रोजगार के अवसर पैदा हों, लोग खरीदारी कर सकें और मांग बढ़े। इसका फायदा भी हुआ, पर रूस-यूक्रेन युद्ध ने फिर समस्या को वहीं पहुंचा दिया है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का आकलन है कि तीसरी तिमाही में स्थिति नियंत्रण में आ सकती है, पर अनेक जानकार इससे सहमत नहीं हैं, जिनमें मैं भी शामिल हूं। अभी युद्ध सबसे बड़ी चुनौती है और सभी को यह प्रयास करना चाहिए कि यह तुरंत रुके। यह मामला जितना अधिक चलेगा, हालात खराब होते जायेंगे। चीन को भी कोविड की रोकथाम के अपने कड़े नियमों पर पुनर्विचार करना चाहिए। अभी की स्थिति में भारत के लिए भी मुश्किलें हैं। बीते दो-तीन दशक में हमारी अर्थव्यवस्था का विस्तार तो हुआ है, लेकिन उत्पादन के स्तर पर हम विविधता लाने में सफल नहीं हो सके हैं। अभी तक यह सोचा जा रहा था कि जिन क्षेत्रों में निर्यात बढ़ रहा है, उस पर ध्यान दिया जाए तथा अन्य जिन चीजों की जरूरत होगी, उसे हम बाहर से खरीद लेंगे। इसमें परेशानी यह हुई कि वैश्विक मुद्रास्फीति ने हमारे हिसाब को गड़बड़ा दिया। पिछले साल से ही औद्योगिक उत्पादन में प्रयुक्त होनेवाली वस्तुओं की लागत बहुत बढ़ने लगी थी।

अभी भारत और अन्य कई देशों के सामने चुनौती यह है कि कुछ चीजों के निर्यात बढ़ने से लाभ तो हो रहा है, लेकिन जैसे ही आप आयात कर रहे हैं, तो लाभ उसमें चला जा रहा है। जब तक वैश्विक स्तर पर दामों में कमी नहीं आयेगी, भारत में भी मुद्रास्फीति से राहत मिलने की आशा नहीं की जा सकती है। एक बेहद चिंताजनक आशंका वैश्विक आर्थिक संकट या महामंदी की भी है। अमेरिकी बॉन्ड की कमाई का अनुमान बहुत गिर गया है। ऐसा जब जब हुआ है, तब तब मंदी या वित्तीय संकट की स्थिति पैदा हुई है। ऐसी चिंताजनक स्थिति से निकलने के लिए हमें रूस-यूक्रेन युद्ध को तुरंत रोकने का भरसक प्रयास करना चाहिए तथा चीन को यह कहा जाना चाहिए कि वह आपूर्ति प्रक्रिया को बाधित न होने दे।

## व्यापार समाचार

# सऊदी अरामको ने एपल को पछाड़ा

## दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी अरामको

नई दिल्ली।

एपल इंक को पछाड़कर सऊदी अरामको दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। इसका कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से अरामको के शेयरों में तेजी आई है और महंगाई के कारण तकनीकी शेयरों में गिरावट। सऊदी अरेबियन नेशनल पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस कंपनी दुनिया की सबसे बड़ी ऑयल प्रड्यूसिंग कंपनी है।

**अरामको का वैल्यूएशन 2.42 ट्रिलियन डॉलर :** शेयरों की कीमत के आधार पर सऊदी अरामको का वैल्यूएशन 2.42 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। वहीं एपल के शेयरों की कीमत में पिछले एक महीने में गिरावट देखी गई है। इस कारण इसका वैल्यूएशन 2.37 ट्रिलियन डॉलर हो गया। इस साल के पहले तीन महीनों में मजबूत कंज्यूमर डिमांड के कारण एपल ने उम्मीद से बेहतर मुनाफा कमाया है, फिर भी कंपनी के शेयरों की कीमतों में गिरावट आई है।




**एपल का वैल्यूएशन 3 ट्रिलियन डॉलर था :** इस साल की शुरुआत में एपल की मार्केट वैल्यू 3 ट्रिलियन डॉलर थी, जो अरामको से लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर ज्यादा है। तब से एपल का शेयर 20% से ज्यादा टूटा है, जबकि अरामको 28% से ज्यादा चढ़ा है। हालांकि, एपल अमेरिकी कंपनियों में सबसे बड़ी कंपनी बनी हुई है। दूसरे नंबर पर माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प है जिसका मार्केट कैप 1.95 ट्रिलियन डॉलर है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक महंगाई की चिंताओं के कारण टेक शेयरों में इस साल गिरावट आई है।

**अरामको को महंगाई और टाइट सप्लाई का फायदा :** टॉवर ब्रिज एडवाइजर्स के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर जेम्स मेयर ने कहा, आप एपल की तुलना सऊदी अरामको से उनके बिजनेस या फंडामेंटल्स से नहीं कर सकते हैं, लेकिन कमोडिटी स्पेस के लिए आउटलुक में सुधार हुआ है। इस स्पेस को महंगाई और टाइट सप्लाई का फायदा मिला है। अरामको का नेट प्रॉफिट 2020 की तुलना में 2021 में 124% बढ़कर 110.0 अरब डॉलर हो गया था। 2020 में ये 49.0 अरब डॉलर था।

### एसएंडपी 500 एनर्जी सेक्टर 40% बढ़ा

ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी के कारण एसएंडपी 500 एनर्जी सेक्टर इस साल 40% बढ़ा है। ब्रेंट क्रूड साल की शुरुआत में लगभग 78 डॉलर प्रति बैरल था, जो बढ़कर 108 डॉलर हो गया है। इस साल एसएंडपी 500 में सबसे बेहतर परफॉर्म करने वाले स्टॉक में ऑक्सिडेंटल पेट्रोलियम कॉर्प है। इसमें 100% से ज्यादा की तेजी आई है। इस साल की शुरुआत में इसकी कीमत 31 डॉलर के करीब थी जो अब 60 डॉलर के पार पहुंच गई है।

## हमसफर इंडिया 200 नए शहरों में घर-घर डीजल सेवाओं का विस्तार करेगी

मुंबई।

घरों तक डीजल आपूर्ति की सुविधा प्रदान करने वाली कंपनी हमसफर इंडिया की चालू वित्त वर्ष में देश के 200 और शहरों में सेवाओं का विस्तार करने की योजना है, ताकि इस क्षेत्र में अधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल कर सके। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हमसफर इंडिया, भारत के लगभग 100 शहरों में सेवाएं देती है। कंपनी की 'ई-मोबाइल वाहन चार्जिंग स्टेशनों' के कारोबार में उतरने की योजना भी है और इस बाबत उसकी कुछ कंपनियों के साथ बातचीत चल रही है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि हमसफर अपने सेवा के विस्तार के लिए विदेशी बाजारों में अवसर तलाश कर रही है। हमसफर इंडिया की सह-संस्थापक सान्या गोयल ने कहा, ''वर्तमान में, डीजल की घर पहुंच सेवा में हमारी बाजार में हिस्सेदारी 20 प्रतिशत है। चालू वित्त वर्ष के दौरान हमारी 30 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने की योजना है।'' गोयल ने कहा कि मोबाइल पेट्रोल पंप के जरिए डीजल उपलब्ध करवाना कंपनी की एक बड़ी उपलब्धि है।

## महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंचेगी वेतनवृद्धि, इस साल 8.13 प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद : रिपोर्ट

मुंबई।

देश के कोविड-19 महामारी से संबंधित बाधाओं से उबरने के साथ इस साल औसत वेतनवृद्धि लगभग 8.13 प्रतिशत रह सकती है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। टीमलीज की वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 'द जॉब्स एंड सैलरी प्राइमर रिपोर्ट' के अनुसार पिछले दो वर्षों की मुकाबले इस साल लगभग सभी क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों के सालाना वेतन में बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, वेतनवृद्धि सीमित रहेगी।

रिपोर्ट में 17 क्षेत्रों की समीक्षा की गई है जिसमे से 14 क्षेत्रों ने वेतन में 10 प्रतिशत से कम की वृद्धि की संभावना जताई है। वहीं औसत वेतनवृद्धि 8.13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह टीमलीज सर्विसेज की एक वार्षिक रिपोर्ट है जिसमें 17 क्षेत्रों और नौ शहरों में 2,63,000 से अधिक कर्मचारियों के वेतन भुगतान को ध्यान में रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार भौगोलिक आधार पर सबसे अधिक वेतनवृद्धि (12 प्रतिशत और उससे अधिक) देने वाले शहरों में अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई और पुणे शामिल हैं।

इसके अलावा वेतन में सालाना आधार पर सबसे अधिक वृद्धि (दस प्रतिशत से अधिक) ई-कॉमर्स और प्रौद्योगिकी स्टार्टअप, स्वास्थ्य और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में होने की संभावना है।

टीमलीज सर्विसेज की सह-संस्थापक एवं कार्यकारी उपाध्यक्ष रितुपर्णा चक्रवर्ती ने कहा, ''हालांकि, वेतन बढ़ोतरी अभी 10 प्रतिशत से कम है। लेकिन अच्छी बात यह है कि अब वेतन कटौती का दौर समाप्त हो गया है। पुनरुद्धार के साथ विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ने से वेतनवृद्धि कोविड-पूर्व के स्तर पर पहुंचने की ओर है।''

## ओमान के साथ तरजीही व्यापार समझौते पर विचार कर रहे हैं : गोयल

नई दिल्ली।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि ओमान के साथ आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत उसके साथ तरजीही व्यापार समझौता (पीटीए) पर विचार कर सकता है। गोयल ने कहा कि व्यापक व्यापार समझौते के लिए भारत की खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के साथ बातचीत चल रही है। जीसीसी खाड़ी क्षेत्र के छह देशों बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का संघ है। मंत्री ने कहा,



''हम ओमान के साथ तरजीही व्यापार समझौता करने के जरिये शुरुआत कर सकते हैं क्योंकि हम जीसीसी क्षेत्र और भारत के बीच व्यापक समझौता करना चाहते हैं और इसपर बातचीत जारी है।'' पीटीए में कारोबारी साझेदार व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कुछ उत्पादों पर आयात शुल्क घटाते हैं। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार 2020-21 में 5.4 अरब डॉलर था जो 2021-22 में बढ़कर 9.94 अरब डॉलर हो गया।

भारत-ओमान व्यापार परिषद की बैठक में ओमान के वाणिज्य, उद्योग एवं निवेश संवर्धन मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ ने भारतीय कारोबारियों को संभावनाएं तलाशने के लिए अपने यहां आने के लिए आमंत्रित किया। यूसुफ भारत आए 40 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे हैं।

## जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर ने पारादीप टर्मिनल पर परिचालन शुरू किया

**मुंबई।** जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर ने ओडिशा के 'पारादीप ईस्ट की' कोल टर्मिनल पर वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। इस टर्मिनल को करीब 1,300 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया गया है। सज्जन जिंदल के अगुवाई वाली कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि पारादीप बंदरगाह पर पूरी तरह से यंत्रीकृत इस टर्मिनल की वार्षिक क्षमता 3 करोड़ टन है। यहां प्रतिदिन 25 रैक उतारी जा सकेगी और दो पोतों पर एक ही साथ लदान भी किया जा सकेगा।

## को-लोकेशन मामले में चित्रा रामकृष्ण, आनंद सुब्रमण्यन की जमानत याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।**
दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व प्रमुख चित्रा रामकृष्ण और समूह परिचालन अधिकारी आनंद सुब्रमण्यन की 'को-लोकेशन' मामले में जमानत याचिकाएं बृहस्पतिवार को खारिज कर दीं। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने उन्हें राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि जमानत देने का कोई पर्याप्त आधार नहीं है। आरोपियों के वकील अर्शदीप सिंह और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। इससे पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उनकी जमानत याचिकाओं का विरोध किया था और कहा था कि वे गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं और सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
दौड़धूप अधिक होगी। अपने ही विरोध करेंगे। खिन्नता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

### वृषभ
स्वादिष्ट व्यंजनों का मजा ले पाएंगे। विद्यार्थी वर्ग परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त करेगा। अध्ययन में मन लगेगा। उत्साह में वृद्धि होगी। यात्रा हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मिथुन
धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। निवेश मनोनुकूल रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। नए संबंध बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। काम में मन लगेगा। उत्साह रहेगा।

### कर्क
रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

### सिंह
रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। कोई बड़ा काम मिलने से प्रसन्नता रहेगी।

### कन्या
प्रसन्नता बनी रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। शत्रुता बढ़ेगी। बात को बढ़ने न दें। किसी व्यक्ति के झगड़े में न पड़ें। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

### तुला
बड़ा काम करने का मन बनेगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय बनी रहेगी। बेचैनी रहेगी। जल्दबाजी बिलकुल न करें। निर्णय सोच-समझकर करें। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी।

### वृश्चिक
जल्दबाजी व लापरवाही न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। गृहिणियां ध्यान रखें। बनते कामों में व्यवधान आ सकता है। झंझटों में न पड़ें। आय में निश्चितता रहेगी। कार्यभार रहेगा।

### धनु
फालतू खर्च अधिक होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### मकर
धन प्राप्ति सुगम होगी। बिगड़ते काम बनेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। घर में किसी आनंदोत्सव का आयोजन हो सकता है। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। नौकरी में अनुकूलतर रहेगी। प्रमाद न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

### कुंभ
मेहनत का फल मिलेगा। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। मित्रों की सहायता करना पड़ सकती है। बाहर जाने का मन करेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी।

### मीन
योजना फलीभूत होगी। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। उत्साह बना रहेगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। लाभ में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। भाग्य का साथ मिलेगा।

# उपमुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी ने किया नर्सिंग अधिकारियों का सम्मान, अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस विशाल कार्यक्रम आयोजित





सद्दाम रँगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर शहर में चिकित्सा परिवार शहर के एक रिसोर्ट में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार में उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी मुख्य अतिथि थे, वहीं संयुक्त निदेशक चिकित्सा विभाग डॉ. इंद्रजीत सिंह तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नागौर डॉ. मेहराम महिया विशिष्ट अतिथि थे। समारोह में नगरपालिका के सभापति आसिफ खान, उपसभापति हेमराज चावला, उपखण्ड अधिकारी बाबूलाल जाट, डॉ. गोविंदराम चौधरी, पुलिस उपअधीक्षक संजीव कटेवा, तहसीलदार कुलदीप चौधरी, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुतेन्द्र सारस्वत मंचासीन थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र चौधरी ने अपने उद्बोधन में नावां विधानसभा क्षेत्र में चिकित्सा के क्षेत्र में कराए गए कार्यों का का उल्लेख करते हुये कोरोना काल में नर्सेज की उल्लेखनीय सेवाओं की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि उनकी विधानसभा का कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर मेरे पास आ सकता है। वे हमेशा उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम को प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रहलादराम बाजिया ने भी सम्बोधित किया तथा राजकीय चिकित्सालय कुचामन सिटी में भामाशाओं द्वारा कराए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर भामाशाहो सहित 50 नर्सिंग अधिकारियों का सम्मान कियागया। कार्य्रकम में डॉक्टर शकील, डॉ. वीके गुप्ता, डॉक्टर सलीम राव, डॉक्टर चेनाराम, डॉ लक्ष्मण मोहनपुरिया, रामनिवास मूण्ड, सुरेंद्र सिंह, नर्सिंग अधीक्षक जाकिर हुसैन, साकिर हुसैन, मदनलाल मेहरा, नारायणलाल कांसोटिया, नर्सेज एसोशियेशन के जिलाध्यक्ष रामस्वरूप पारीक, लालाराम रणवां सहित सैंकड़ों नर्सिंग अधिकारी, चिकित्सक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## महिलाओं को दी डायबिटीज रोग सम्बन्धी विस्तृत जानकारी



### शिविर सम्पन्न, 55 मरीज लाभान्वित

सद्दाम रँगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** कुचामन विकास समिति द्वारा संचालित श्री राम जीवन काबरा डायबिटीज निदान एवं जागरूकता केंद्र में रिसर्च सोसायटी फोर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया के सहयोग से एवं कुचामन विकास समिति महिला मंच के तत्वावधान में गुरुवार को डायबिटीज निदान शिविर एवं डायबिटीज सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान अजमेर के डायबिटीज विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. रजनीश सक्सेना एवं विशेषज्ञ डाइटीशियन सिल्की शर्मा ने करीब 55 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया एवं महिलाओं की निःशुल्क जांच कर कार्ड बनाए। सेमीनार में दैनिक खानपान एवं दिनचर्या के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं डायबिटीज से बचाव के उपाय बताएं। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश काबरा एवं महिला मंच अध्यक्षा कृष्णा मंत्री ने चिकित्सकों का माला पहनाकर स्वागत किया। शिविर में मंजू काबरा, किरण अग्रवाल, अन्नपूर्णा कुमावत, आशा झंवर, श्रीदेवी गौड़, उमा गौड़, संगीता गौड़, निर्मला गौड़, जिम्मी पाटोदी, बरखा पाटनी सहित डायबिटीज सेंटर प्रभारी भंवर सिंह चौहान मौजूद थे।

## प्रशासन शहरों के संग अभियान के द्वितीय चरण के पहले दिन 35 पट्टे जारी

सद्दाम रँगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के नगरपालिका परिसर में गुरुवार को प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत वार्ड संख्या 1, 2, 3, 4 एवं 5 का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कृषि भूमि के 17, स्टेट ग्राण्ट एक्ट के 2, 69-ए के 16 पट्टे जारी किए गए। इस दौरान भवन निर्माण स्वीकृति के 2, नामान्तरण के 5 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त जन्म-मृत्यु के 35 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। शिविर में पालिका को करीब 5.50 लाख रूपयों का राजस्व प्राप्त हुआ। उपखण्ड अधिकारी बाबूलाल जाट, पालिका सभापति आसिफ खान, आयुक्त श्रवणराम, उपाध्यक्ष हेमराज चांवला, वार्ड पार्षद सुभाष, श्यामलाल बागड़ा, खेताराम सिसोदिया, मानसिंह, अयुब तेली, फूलचन्द, शाहरूख, इमरान खान, बुन्दू अली, फारूक कलाल, मनोनीत पार्षद दीनदयाल कुमावत, कानाराम बुनकर, शिविर प्रभारी रविन्द्र देशवाल, सहायक अभियन्ता ललित गुप्ता, राजेन्द्र रेवाड़, रफीक अहमद, महेशकुमार, कनवरलाल, महावीरप्रसाद कुमावत, अक्षय प्रजापति, पवन शर्मा मौजूद थे।

## तेज गर्मी में बीमार हो रहे है नरेगा श्रमिक, समय बदलने की मांग

सद्दाम रँगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** ग्राम जिलिया सहित सहित अंचल में मनरेगा कार्य जारी है। मनरेगा के तहत समय सुबह छह बजे से दोपहर एक बजे तक काम करवाया जा रहा है। मनरेगा में काम करने वाले श्रमिको का कहना कि इतनी भयंकर गर्मी में काम करना बहुत मुश्किल हो गया है। कार्य के दौरान कई मजदूरों की तबियत भी खराब हो जाती है। मनरेगा कार्य पर ज्यादातर महिलाएं आती है, जिन्हें अपने छोटे बच्चों को भी कार्यस्थल पर साथ लाना पड़ता है। मध्याह्न में तेज गर्मी के कारण उनकी हालत खराब हो जाती है। छुट्टी के बाद घर पहुंचना तो उनके लिए और भी अधिक मुश्किल हो जाता है। श्रमिकों का कहना है पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी समय परिवर्तन किया जाना चाहिए ताकि काम पर आने वाले मजदूर अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए समय पर घर पहुंच जाए और इस भयंकर गर्मी से किसी प्रकार का शारीरिक खामियाजा नहीं भुगतना पड़े।

### इनका कहना

तेज धूप के कारण कई बार श्रमिकों का जी घबराकर चक्कर आने की शिकायत आए दिन होती है। इसी कारण हमारी भी जिम्मेदारिया बढ़ जाती है। इतनी भयंकर गर्मी को देखते हुए मनरेगा श्रमिकों का समय में परिवर्तन होना जरूरी है। पिछले वर्ष तेज गर्मी के मौसम में 3 माह के लिए प्रातः 6 से 10 बजे तक ही मनरेगा कार्य चला था।

**-सेवाराम पोषक, मैट, ग्राम पंचायत जिलिया।**

## तहसीलदार ने किया जिलिया गौशाला का औचक निरीक्षण

सद्दाम रँगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बा जिलिया की शिव गौशाला का जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया के दिशा निर्देशानुसार तहसीलदार कुलदीप ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरकार से प्राप्त अनुदान के बारे में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर कुल 206 गौवंश पाए गए। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.आर. मूण्ड, सरपंच गिरधारीलाल बावरी, गौशाला अध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा, हनुमान प्रसाद गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी पोकरराम ढाका, सुरेश कुमार टेलर, बालकिशोर तिवाड़ी, बनवारीलाल माली, बृजमोहन माली, औंकार खटीक, लहरी, शिवपाल बेनीवाल भी इस दौरान मौजूद थे।

## एसडीएम व तहसीलदार ने किया गौशाला का औचक निरीक्षण



### छाया-पानी की व्यवस्था एंव पेड़ लगाने के दिये निर्देश

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ ( नागौर डेली न्यूज ) :** जिलाधिकारी पीयूष समरिया के निर्देशानुसार लाडनूँ उपखंड अधिकारी अनिल कुमार, लाडनूँ तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर एवं चिकित्सक धर्मेंद्र चौधरी की टीम ने उपखंड की आधा दर्जन गौशाला का औचक निरीक्षण किया। जहां गायों की संख्या, चारा पानी व छाया का माकूल प्रबंध आदि व्यवस्थाओं की जांच की। लाडनूँ की श्रीराम आनंद गौशाला के निरीक्षण के दौरान गौशाला में चारा पानी ,गौवंश के स्वास्थ्य एवं गौशाला में साफ़ सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। गौशाला के सुशील कुमार पीपलवा उपाध्यक्ष, अभय नारायण शर्मा मंत्री एवं गौशाला के कर्मचारियों ने निरीक्षण के दौरान सभी जानकारियाँ उपलब्ध कराई। उपखंड अधिकारी ने गौवंश को गुड़ केला एवं चारा अर्पित करते हुए गौशाला की माकूल व्यवस्था पर संतोष जताया। वंही तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर की टीम ने निम्बिजोधा व हुडास की गौशाला का औचक निरीक्षण किया इस दौरान निम्बी गौशाला में गायों की संख्या कम मिली व छाया की माकूल व्यवस्था नहीं होने पर गौशाला प्रबंधक को वँहा पेड़ लगाने के निर्देश दिए गए।

### योगी सरकार का बड़ा फैसला

## यूपी के मदरसों में राष्ट्रगान अनिवार्य

लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के मदरसों में अब पढ़ाई से पहले राष्ट्रगान अनिवार्य कर दिया गया है। यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड परिषद ने इसका आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश मान्यता प्राप्त, अनुदान पाने वाले और अनुदान नहीं पाने वाले सभी मदरसों पर लागू होगा। कक्षाएं शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना के समय राष्ट्रगान होगा। रमजान और ईद की छुट्टियों के बाद गुरुवार यानी आज से सभी मदरसे खुल चुके हैं। 14 मई से मदरसों में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं।

**बोर्ड मीटिंग में लिया गया थे ये फैसला :** मदरसों में राष्ट्रगान का फैसला यूपी मदरसा शिक्षा परिषद की बैठक में 24 मार्च को लिया गया था। इसे गुरुवार को रजिस्ट्रार निरीक्षक एसएन पांडेय ने जारी किया है। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-23 के स्कूल खुलने के पर ही राष्ट्रगान कराने का फैसला किया गया था।

### कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चिंतन शिविर सही समय पर बुलाया : पायलट

नई दिल्ली।

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चिंतन शिविर सही समय पर बुलाया है। इस साल दो-तीन राज्यों के चुनाव होने हैं। अगले दो साल बाद लोकसभा चुनाव भी होने वाले हैं। राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए और भाजपा को अगर कोई हरा सकता है तो वह कांग्रेस पार्टी है और यह बात एकदम सच है। मीडिया से चर्चा के दौरान सचिन पायलट ने चिंतन शिविर के बाद पार्टी नेतृत्व में बदलाव को लेकर भी बड़े संकते दिए।







# जनसुनवाई में छाया रहा पेयजल संकट का मुद्दा

## एसडीएम ने सुनीं आमजन की समस्याएं

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** गुरुवार को पँचायत समिति सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल संकट का मुद्दा छाया रहा। पूर्व सैनिक संघ लाडनूँ ब्लॉक अध्यक्ष केसाराम हुड्डा ने जनसुनवाई के दौरान एसडीएम के समक्ष नगरपालिका से जुड़ा डंपिंग यार्ड का मुद्दा रखा हुड्डा ने बताया कि डंपिंग स्टेशन की समय पर सफाई नहीं होने से यहां चारों तरफ काफी दूर तक प्लास्टिक थैलियां बिखरी हुई पड़ी है जो घरों में जा रही है। उन्होंने इस समस्या से शीघ्र समाधान व भूमि अवाप्ति की समस्या के समाधान की माँग रखी। नगरपालिका वार्ड पार्षद सुरेंद्र जांगिड़ ने बताया कि मुख्य बस स्टैंड रात्रि के समय गंदगी से अटा रहता है यहां रात्रिकालीन सफाई की व्यवस्था नहीं होने से शहर की छवि धूमिल हो रही है। इसके साथ ही बस स्टैंड के 5 खंभों पर स्ट्रीट लाईटें नहीं होने से वँहा अंधेरा रहता है जिससे यहां बाहर से आने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है वंही शहर का सौन्दर्यकरण प्रभावित हो रहा है। वार्ड संख्या 45 पार्षद यास्मीन खान के प्रतिनिधि इरफान खान ने वार्ड में पानी की समस्या से अवगत करवाते हुए कहा कि आगामी एक सप्ताह में समाधान नहीं होने पर बड़ा आंदोलन किया जायेगा। सुनारी निवासी मेहरामाराम जाट ने बताया कि किशनाराम पुत्र जगरामराम जाट ने कूटरचित दस्तावेज पेश कर फर्जी पेंशन धारक बन राजकीय कोष को 5750 रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचाया है जिसके खिलाफ आज तक कार्रवाई नहीं हो पाई। वंही रामदेव पुत्र नारायणराम जाट ने भी मघराम पुत्र कानाराम जाट के विरूद्ध तथ्यों को छुपाकर फर्जी दस्तावेजों से 71 हजार 250 रुपये की पेंशन राशि हड़पने पर कार्रवाई की मांग की है। ओड़िन्ट सरपँच गणेशाराम चबराल के नेतृत्व में हीरावती से पहुंचे दर्जनों ग्रामीणों ने 3 हजार से ज्यादा आबादी वाले गांव में पिछले दो महीनों से पेयजल संकट गहराने से आमजन व पशुधन को होने वाली समस्याओं के बारे में एसडीएम को अवगत करवाया व एक सप्ताह में पेयजल संकट की समस्या का सामाधान नहीं करने पर धरना प्रदर्शन व उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर एसडीएम अनिल कुमार, तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर, पँचायत समिति विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता जितेन्द्र जांगिड़, पशु चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र चौधरी, विद्युत निगम एईएन लालचंद आंवला, कनिष्ठ अभियंता राजकुमार तुंगरिया, जलदाय कनिष्ठ अभियंता रमन चौधरी, समाजसेवी नाथूराम कालेरा, चंदन डूडी, इरफान खान, संजय कुमार बारासा, किशनलाल डूडी, पन्नाराम भामू आदि मौजूद रहे।

# केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का लाडनूँ दौरा

## जेविभा कुलाधिपति बनने पर हुआ सम्मान



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** केन्द्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि लाडनूं का जैन विश्वभारती संस्थान में जीवन मूल्यों की शिक्षा दी जाती है और विद्यार्थी के लिए आदर्श जीवन का मार्ग प्रशस्त किया जाता है। वे यहां महाप्रज्ञ-महाश्रमण ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। यह समारोह उनके कुलाधिपति पद पर नियुक्त होने के बाद पहली बार विश्वविद्यालय पहुंचने पर आयोजित किया गया।

उन्होंने आचार्य तुलसी के जीवन संस्मरण का उल्लेख करते हुए एक कहानी और रेलयात्रा के सम्बंध में दूसरी कहानी प्रस्तुत की और विद्यार्थियों को गाली व अपशब्दों का प्रयोग नहीं करने एवं किसी के साथ धोखा नहीं करने की प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री व कुलाधिपति मेघवाल को शॉल, प्रतीक चिह्न, साहित्य एवं नियुक्ति पत्र प्रदान करके कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ व अतिथियों ने सम्मानित किया। कुलपति प्रो. दूगड़ ने अपने सम्बोधन में बताया कि यह विश्व में पहला विश्वविद्यालय है, जहां अनुशास्ता का पद वैधानिक तौर पर है और अनुशास्ता के रूप में धर्मसंघ के आचार्य विश्वविद्यालय पर अनुशासन का अंकुश रखते हैं। प्रो. दूगड़ ने विश्वविद्यालय के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यहां के 4 शिक्षकों को राष्ट्रपति पुरस्कार मिल चुका है। यहां के शिक्षक अमेरिका के विश्वविद्यालयों में स्थापित जैन चैयर में शिक्षण कार्य के लिए अमेरिका जाते रहते हैं। यहां के कुलपति रहे प्रो. रामजी सिंह को पद्मश्री अवार्ड से नवाजा जा चुका।

योग एवं जीवन विज्ञान के विद्यार्थियों ने 7 विश्व-रिकॉर्ड बनाए हैं। वक्ता नन्दीतेश निलय ने अपने सम्बोधन में बताया कि वे जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय से मंत्रमुग्ध हैं। यह अनोखी भूमि है, जहां इस युग में भी अच्छा होने के लिए प्रेरित किया जाता है। अखिल भारतीय तेरापंथ युवा परिषद के अध्यक्ष पंकज डागा ने कुलाधिपति पद पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के पदभार ग्रहण करने पर विश्वविद्यालय की निरन्तर प्रगति की कामना की और कहा कि विश्वविद्यालय में विशेष पद विशेष व्यक्ति का पदस्थापित होना यहां की विशेषताओं को और प्रखर करेगा। जैन विश्व भारती के संयुक्त सचिव जीवनमल मालू ने कार्यक्रम में मातृसंस्था की ओर से विश्वविद्यालय को सदैव अधिकतम सहयोग करते रहने की भावना प्रकट की। समारोह में जैन विश्वभारती के पूर्व अध्यक्ष डा. धर्मचंद लूंकड़ व समाजसेवी केवलचंद मांडोत चैन्नई विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ थे।

# हमारी भी सुनो सरकार, 14 वर्ष का वनवास नहीं जाएगा बेकार : नरेगा कार्मिक

## रियांबड़ी पंचायत समिति में 8वें दिन भी धरना जारी

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ ) :** राजस्थान महात्मा गांधी नरेगा कार्मिक संघ के आव्हान पर गुरुवार को रियांबड़ी पंचायत समिति के महात्मा गांधी नरेगा कार्मिक अपनी मांगों को लेकर आठवें दिन भी धरने पर बैठे रहे । नरेगा संविदा कार्मिकों ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा में भर्ती पूर्ण करने की घोषणा के बावजूद भर्ती पूर्ण नहीं की जा रही है साथ ही अधिकारियों द्वारा हठधर्मिता बरती जा रही है । संघ ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2013 में 19000 पदों पर भर्ती प्रारंभ की थी जिसमें लगभग 10 हजार पदों पर आज तक भर्ती पूर्ण नहीं हुई है । जबकि संविदा कार्मिकों द्वारा बार-बार ज्ञापन के माध्यम से एवं जनसुनवाई में सरकार को अवगत करवाया गया। संघ ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि सरकार द्वारा लगातार 11 वर्षों से आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया गया। जिससे नरेगा में लगे संविदा कार्मिकों में भारी रोष है । संघ ने कहा कि कार्मिकों ने धरना देकर अपनी भर्ती को पूरी करवाने के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करवाने का प्रयास किया जा रहा है । इसी क्रम में कनिष्ठ लिपिक भर्ती 2013 के समस्त पदों को भरने की मांग को लेकर महात्मा गांधी नरेगा संविदा कार्मिक आज लगातार 8 दिनों से पंचायत समिति मुख्यालय पर धरने पर बैठे हुए हैं । मंत्रालय कर्मचारियों एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ ने भी धरने पर पहुंचकर नैतिक समर्थन की घोषणा की है। नरेगा संविदा कार्मिकों के समर्थन में मंत्रालयिक कर्मचारी भी कार्य बहिष्कार पर है । ब्लॉक स्तरीय धरने में कार्मिक अकील मोहम्मद, अशोक कुमार सोनी, डाटा एंट्री ऑपरेटर नरेश कुमार सैनी, एम आई एस मैनेजर दीपक कुमार, सुशील कुमार, मोतीलाल वर्मा, जे टी ए मनोज कुमार गॉड, जितेंद्र चौधरी लेखा सहायक, ग्राम रोजगार सहायक शामिल रहे।

# विधायक मिर्धा 15 को करेंगे जनसुनवाई

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज ) ।** डेगाना के विधायक विजयपाल मिर्धा 15 मई को आयोजित डेगाना विधान सभा स्तरीय जन सुनवाई में भाग लेकर जनता की समस्याओं से रूबरू होंगे। तथा समस्याओं के समाधान को लेकर उपखण्ड स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देकर निराकरण करेंगे। पालिका के चेयरमेन मदनलाल अटवाल ने इसकी जानकारी देकर बताया की नागौर रोड स्थित कांग्रेंस कार्यालय मे पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा की अध्यक्षता मे होने वाली इस जनसुनवाई कार्यक्रम में डेगाना विधान सभा क्षैत्र के लोग भाग लेकर अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत करायेंगे। मिडिया प्रभारी ईब्राहिम खां ने बताया की जन सुनवाई कार्यक्रम 15 मई रविवार को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे होगा। इसमे बिजली , पानी, रोजगार जैसे अहम् मुद्दों के अलावा प्रशासनिक ओर सामाजिक समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की जायेगी। चेयरमेन अटवाल ने बताया की जन सुनवाई के दौरान कांग्रेंस कार्यकर्ताओं से भी विधायक मिर्धा रूबरू होकर पार्टी के संगठन के पदाधिकारियों से राजनीतिक फीडबैक लेकर आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा गहलोत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार पात्र लोगो को

# इलाही पीर बख्श बाबा के उर्स का हुआ आयोजन





शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक इलाही पीर बख्श बाबा का उर्स आज गुरुवार को आयोजित हुआ। इलाही पीर बख्श बाबा कमेटी के सदस्य अनवर अली भाटी, अशफाक खान, बिलाल भाटी सहित ने बताया कि इलाही पीर बख्श बाबा का उर्स हर वर्ष की तरह चांद की 10 तारीख को आयोजित किया जाता है। उसमें सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर कार्यक्रम में डेगाना नगर पालिका चेयरमैन मदन लाल अटवाल ने शिरकत की और कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक इलाही पीर बख्श बाबा माना जाता है सभी धर्मों के लोग ईलाई पीर बख्श बाबा को मजार पर आते हैं और दुआ करते हैं। इस अवसर पर डेगाना नगर पालिका चेयरमैन मदनलाल अटवाल, उपाध्यक्ष हारून रशीद खान, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रामचंद्र डूडी, भाजपा अल्पसंख्यक नेता यूनुस खान, कैलाश राठी, सुगन सिंह हाडा, माणकचंद तोषनीवाल, हाजी मजीद खान खोखर, सुरजीत खान, सिराजुद्दीन लोहार, गेन मोहम्मद, पार्षद प्रतिनिधि सनित कुमार, चांद मोहम्मद, युवा नेता रियाज भाटी, रफीक खान, रुहान हैप्पी खान, रफीक तेली, इरफान राव, जुबेर खान सहित हिंदू मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर असर की नमाज के बाद डेगाना जामा मस्जिद इमाम शहादत खान बरकाती के नेतृत्व में मस्जिद से डेगाना सदर बाजार, एसबीआई बैंक, डिप्टी कार्यालय, हॉस्पिटल चौराहा होते हुए दरगाह में चादर लाई गई और सभी समाज के लोगों ने इस सदन में शिरकत की। चादर प्रस्तुत करने के बाद में दरगाह में सलाम पढी गई और देश मे अमन चैन की दुआ की गई इलाही पीर बाबा के उर्स के मौके पर गांव कस्बों से भी काफी लोगों ने शिरकत की और उसमें दुआ की। उर्स के मौके पर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा तथा इलाही पीर बख्श बाबा कमेटी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सरकारी योजनाओं का आमजन को मिले सीधा लाभ : बीडीओ राठौड़

## राठौड़ ने संभाला रियांबड़ी विकास अधिकारी का कार्यभार

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज )।** सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर आमजन को लाभ पहुंचाने की जिम्मेदारी कर्मचारी व अधिकारी की होती है और इस नेक कार्य को करना व करवाना मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी । यह बात रियांबड़ी विकास अधिकारी भागीरथ सिंह राठौड़ द्वारा पंचायत समिति रियांबड़ी में स्थायी विकास अधिकारी के रूप में ज्वाइनिंग करने के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि पंचायत राज विभाग में आमजन के काम कभी भी नहीं रुकना चाहिए क्योंकि गाँव व देश विकास की प्रथम सीढ़ी ग्राम पंचायत होती है। उन्होंने कहा कि जनता का कोई भी जायज काम नहीं रुकेगा । इस मौके पर रियांबड़ी प्रधान उगमा देवी गोरा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मदनराम गोरा सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्थाई नियुक्ति पर विकास अधिकारी भागीरथ सिंह राठौड़ का राजस्थानी परम्परा नुसार माला व साफा पहनाकर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया । कार्यक्रम में लेखाधिकारी रामनिवास कापड़ी व खिंवराज कापड़ी, नरेगा अधिकारी राकेश कुमार महरिया , सहायक विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद माली एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्मिको द्वारा बीडीओ राठौड़ अभिनन्दन किया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष छैला राम , ग्राम विकास अधिकारी रमेश चंद मीणा, कैलाश चंद मिरोठा, राजूमल मीणा, हंसराज मीणा, रामलाल, रामकरण चोटिया, छैलाराम ईनाणियां, घनश्याम तिवारी ओमाराम सोमरवाल, रामस्वरूप खन्दोलिया, धासीराम, मैना देवी, दुर्गादेवी, रेखा देवी, रिंकू कुमारी, जितेन्द्र कुमार वर्मा, शिवालाल, बलदेवराम, नेमाराम आदि मौजूद रहे ।

# तेजास्थली में समारोह पूर्वक मनाया अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस



देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** वीर तेजा महिला शिक्षण एवं शोध संस्थान तेजास्थली मा. मूण्डवा के परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय नर्सज दिवस पियुष सामरिया के मुख्य आतिथ्य शैलाराम सारण जोधपुर की अध्यक्षता व चम्पालाल मकराना के विशिष्ठ आतिथ्य एवं गणमान्य नागरिका अभिभावको विद्यार्थियों शिक्षक शिक्षिकाओं एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारी महानुभावों की उपस्थिति में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में लोकदेवता तेजाजी की पूजा अर्चना महाविद्यालय की प्रथम मंजिल पर स्व. सीमाराम सारण की पुण्यस्मृति में उनकी धर्मपत्नी गोपी देवी व उनके पुत्रों द्वारा 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित भव्य कक्षा कक्ष का जिला कलेक्ट्रर महोदय के कर कलमों द्वारा लोकार्पण के साथ हुआ।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com